(c) उसने पिण्डारियों के साथ मित्रतापूर्ण संबंध स्थापित किये।
(d) कोटा राज्य का शासन पूर्णतः उसमें निहित था।

र्थीर्गहॅरें ऊॅ-13.11.2016

Ans. (a) – झाला जालिम सिंह कोटा राज्य का दीवान था ना कि शासक। राजस्थान के उत्तरकालीन युग में जन्में झाला जालिम सिंह का कुटनीतिक क्षेत्र में अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है।

357. झालावाड़ा राज्य की स्थापना कब हुई-
(a) 1836 ई. (b) 1838 ई.
(c) 1842 ई. (d) 1844 ई.

JEN Civil Diploma (Tsp Area) 16.10.2016

Ans. (b) झालावाड़ा शहर की स्थापना कोटा राज्य के तत्कालीन दीवान झाला जालिम सिंह प्रथम ने 1791 ई. में की थी। 1838ई. में अंग्रेजी शासकों ने झालावाड़ा को कोटा राज्य से अलग कर झाला जालिम सिंह के पोते झाला मदन सिंह को इसे दे दिया।

358. कोटा राज्य का संस्थापक निम्न में से कौन था-
(a) राव मुकुन्द सिंह (b) राव माधोसिंह
(c) राव रतन (d) जालिम सिंह

Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016
थ्उर्ग्रें 09.09.2018

Ans. (b) – कोटा राज्य का संस्थापक राव माधोसिंह को माना जाता है। प्रारम्भ में कोटा बूंदी रियासत का ही एक भाग था। यहाँ हाड़ा चौहानों का शासन था। शाहजहाँ के समय 1631ई. में बूंदी नरेश राव रतनसिंह के पुत्र माधोसिंह को कोटा का पृथक राज्य देकर उसे बूंदी से स्वतंत्र कर दिया गया। तभी से कोटा स्वतंत्र राज्य के रूप में अस्तित्व में आया।

359. राजस्थान की एकमात्र कौनसी रियासत थी जहाँ उत्तराधिकारी शुल्क नहीं लिया जाता था-
(a) जयपुर (b) जोधपुर
(c) जैसलमेर (d) उदयपुर

Live Stock Assistant (Non TSP Area)- 21.08.2016

Ans. (c) – उत्तराधिकारी शुल्क- राजस्थान में सामंत व जागीरदार की मृत्यु के पश्चात, उक्त जागीर के नए उत्तराधिकारी से यह कर वसूला जाता था। यदि कोई भी उत्तराधिकारी इस शुल्क को जमा नहीं कराता था तो जागीर जब्त करने का आदेश दीवान को दिया जाता था। जैसलमेर एक मात्र रियासत थी जहाँ उत्तराधिकारी शुल्क नहीं लिया जाता था।

360. 'डाबी' और 'जीवणी' सामन्तों की श्रेणी राजस्थान में कहाँ प्रचलित थी-
(a) जैसलमेर (b) उदयपुर
(c) मारवाड़ (d) कोटा

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016

Ans. (a) – 'डाबी' और 'जीवणी' सामन्तों की श्रेणी राजस्थान के जैसलमेर में प्रचलित थी। जैसलमेर में भाटी रावल हरराज के शासनकाल में सामन्तों की श्रेणी व्यवस्था प्रारम्भ हुई। इसमें दो श्रेणियाँ थीं- (i) डाबी (बाईं) (ii) जीवणी (दाईं)।

361. निम्नलिखित में से कहाँ के शासकों द्वारा रावल तथा महारावल की उपाधियाँ ग्रहण की गई थी-
(a) जोधपुर (b) डूँगरपुर
(c) कोटा (d) बीकानेर

Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016

Ans. (b) – डूँगरपुर के शासकों द्वारा रावल तथा महारावल की उपाधियाँ ग्रहण की गई थी। डूँगरपुर की स्थापना 1358 ई. में मेवाड़ के शासक कर्ण सिंह के सबसे बड़े पुत्र रावल वीर सिंह ने की थी। डूंगरपुर के शासक स्वयं को मेवाड़ प्रमुख कर्ण सिंह के पुत्र रावल वीर सिंह का वंशज मानते थे, इसी के सम्मान में वे रावल एवं महारावल की उपाधियाँ ग्रहण करते थे।

362. डूँगरपुर राज्य में गुहिल राजवंश का संस्थापक कौन था?
(a) आसकरण (b) सेसमल
(c) सामन्तसिंह (d) उदयसिंह

Lab Asst. (Science) II Setp-2022
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (*) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

363. राजस्थान में ब्रिटिशों ने शासक हरवक्शपाल सिंह के साथ कहाँ पर संधि की?
(a) सिरोही (b) बूँदी
(c) बीकानेर (d) करौली

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (d) – राजस्थान में ब्रिटिश शासकों ने हरवक्शपाल सिंह के साथ करौली में संधि की थी। राजस्थान में अधीनस्थ पार्थक्य की नीति को स्वीकार करने वाली पहली रियासत करौली थी। इस समय करौली का शासक हरबक्षपाल सिंह था।

364. 1925 में, "अखिल भारतीय जाट महासभा" का अधिवेशन आयोजित हुआ-
(a) सीकर- कूदन (b) चूरू - मलसीसर
(c) जयपुर- चोमू (d) अजमेर - पुष्कर

RPSC-2022

Ans. (d) : 1925 में अखिल भारतीय जाट महासभा का अधिवेशन पुष्कर अजमेर में आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन की अध्यक्षता भरतपुर के महाराजा श्री कृष्ण सिंह ने की थी।

(h) यादव राजवंश

365. निम्नलिखित में से राजस्थान का कौनसा शासक राजवंश, यादव राजवंश से सम्बंधित है?
(a) राठौड़ (b) सिसोदिया
(c) कच्छावाहा (d) भाटी

LDC Exam 12.08.2018

Ans. (d) राजस्थान का भाटी शासक यादव राजवंश से सम्बन्धित है। भाटी स्वयं को चन्द्रवंशी यादव तथा भगवान कृष्ण के वंशज मानते हैं। भाटी वंश की स्थापना भट्टी नामक व्यक्ति ने की थी।

(i) अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न

366. निम्नलिखित में से राजपूताना के किस क्षेत्र पर वरीक वंश ने शासन किया था?
(a) बदनौर (b) बयाना
(c) अलवर (d) अजमेर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C